# Supporting Documents

# 5.3.2

# Activities for institutional development and student welfare

## Academic Session 2017-18 to 2021-22

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

Email: connectpuregistrar@gmail.com

Fax: (05452) 252344, 252244
Web: www.vbspu.ac.in


**Activities organized for institutional development and student welfare are as given below:**

| Sr. No | Name of the Activities |
|---|---|
| 1. | Vivekananda Jayanti |
| 2. | National Science Day Celebration |
| 3. | Yoga Day |
| 4. | Teachers Day |
| 5. | Deen Dayal Upadhyay Birth Centenary Year |
| 6. | National Youth Day Celebration |
| 7. | Republic Day |
| 8. | Yoga Camp |
| 9. | Sant Ravidas Jayanti |
| 10. | Ambedkar Jayanti |
| 11. | Hindi Journalism Day |
| 12. | Independence Day |
| 13. | Birth Anniversary Of Deendayal Upadhyay |
| 14. | Mahatma Gandhi Jayanti |
| 15. | Neta Ji Subhash Chandra Bose Birth Anniversary |
| 16. | Engineer's Day |
| 17. | International Milk Day |
| 18. | Tribute To Shaheed Umanath Singh On His Death Anniversary |
| 19. | Birth Anniversary Of Sardar Vallabhbhai Patel |
| 20. | Mother Tongue Day |
| 21. | Chauri Chaura Centenary Celebrations |
| 22. | Birth Anniversary Of Veer Bahadur Singh |
| 23. | World Environment Day |
| 24. | Constitution Day |
| 25. | International Women's Day |
| 26. | World Heritage Day |
| 27. | Earth Day |
| 28. | Dev Diwali Celebration |
| 29. | Fresher Function |
| 30. | Farewell Function |
| 31. | World Bicycle Day |
| 32. | Partition Holocaust Memorial Day |
| 33. | 14th National Youth Parliament Competition |
| 34. | Voter Literacy Awareness Program |
| 35. | Cyber Crime: National Webinar On Security Measures |
| 36. | Har-Ghar Tiranga Awareness Campaign |
| 37. | Organization Of Rangoli And Poster Competition |
| 38. | Annual Sport Meet |
| 39. | Purvanchal Cricket League |
| 40. | IT'S Critical Program(Quiz, Debate, Online Game Etc) |
| 41. | Gdsc(Google Developer Student Club) |

Registrar

Registrar
V.B.S. Purvanchal University
Jaunpur

## स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम

## 01-09-2017






**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

**वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)**

**www.vbspu.ac.in**

# National Youth Parliament
# 23-09-2017














## छात्रों द्वारा रंगोली,पोस्टर एवं संवाद पर प्रतियोगिताएं सम्पन्न कराई गयी

## 25-09-2017





विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मशती वर्ष के अंतर्गत बुधवार को अंत्योदय, ग्राम विकास एवं मानव एकात्मवाद विषयपर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें परिसर पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। फार्मेसी संस्थान में पोस्टर, संकाय भवन में परिचर्चा, कविता पाठ, प्रबंध अध्ययन संकाय में स्लोगन लेखन एवं विश्वेश्वरैया हाल में निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के सहसमन्वयक डॉ राजेश शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर 25 सितंबर को पुरस्कृत किया जाएगा।

प्रतियोगिता की विभिन्न गतिविधियों में डॉ मानस पांडे, डॉ राम नारायण, डॉ मनोज मिश्र, डॉ अजय द्विवेदी,डॉ रजनीश भास्कर, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अवधबिहारी सिंह ,डॉ सुनील कुमार , डॉ जे पी लाल,धर्मेंद्र सिंह, आलोक दास, डॉ रुश्दा आज़मी समेत तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बनाए मिट्टी के बर्तन

## 7-11-2017




विश्वविद्यालय के उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान में मंगलवार को प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए कुम्हार द्वारा चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाने की कला प्रदर्शित की गई। विद्यार्थियों ने भी अपने हाथों से कई मिट्टी के बर्तन बनाएं और इस कला से रूबरू हुए।

तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस कला के प्रदर्शन का उद्देश्य आज की पीढ़ी को अपनी विरासत जोड़ कर रखना था। कुम्हार विजयशंकर एवं सुनील कुमार ने मैकेनिकल वर्कशॉप के बाहर मेटी, गुल्लक ,गमला, कुल्हड़, घड़ा आदि निर्मित कर दिखाया। विद्यार्थी अपने हाथों से बर्तन बनाकर काफी खुश दिखे। इस अवसर पर इंजीनियरिंग संकाय के प्रोफेसर बी. बी. तिवारी ने कहा आज समाज में प्लास्टिक का प्रचलन तेजी से बढ़ गया है जो मानव के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए भी घातक हो गया है। उन्होंने कहा विद्यार्थी अपने कौशलता के माध्यम से मिट्टी के उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचा सकते हैं।

## राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह - स्वास्थ शिविर का आयोजन

## 22-11-2017



पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान द्वारा राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह अंतर्गत स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ शिविर में फार्मेसी संस्थान के समस्त छात्र, शिक्षक, कर्मचारी एवं विश्वविद्यालय के समस्त सुरक्षा कर्मियों के रोगों की जाच एवं निदान किया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय के पास के गाव देवकली में फार्मेसी संस्थान के शिक्षक विद्यार्थी एवं चिकित्सकों ने जाकर ग्राम प्रधान के सहयोग से ग्रामीणों का निशुल्क हेमोग्लोबिन, रक्तजाच, बुखार, सुगरजाच, बी.पी., लम्बाई, वजन आदि की जांच हुई। जाचोंपरान्त ग्रामीणों के रोगों का निदान भी किया गया। डॉ अब्दुर्रहमान ने बस्ती के लोगों को स्वस्थ रहने की सलाह दी। ज्यादातर महिलाओं के रक्त जांच में हीमोग्लोबिन की कमी पाई गई। डॉक्टर की सलाह पर ऐसे लोगों को आयरन एवं आवश्यकतनुसार दवाओं का वितरण किया गया। फार्मेसी संस्थान के विद्यार्थियों ने भी डॉ अब्दुर्रहमान के दिशा निर्देशन में प्राथमिक चिकित्सा से सम्बन्धित बहुत कुछ सीखा। फार्मेसी संस्थान के निदेशक प्रो ए. के. श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीणों के लिए लगाए गए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर की सराहना की और कहा कि अपने आस पड़ोस से ही सबसे पहले सेवा प्रारंभ करनी चाहिए। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षक एवं कार्यक्रम अधिकारी विनय वर्मा ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ अजय द्विवेदी, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. पूजा सक्सेना, डॉ. विवेक पाण्डेय, ऋषि श्रीवास्तव डॉ. आलोक दास, डॉ. झाँसी मिश्रा, आशीष गुप्ता, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, विजय बहादुर मौर्या, ज्ञानेश पराशारी, चंद्रेस शर्मा, शांति प्रकाश मिश्र, , हेमंत कुमार दुबे, ब्रिजेश कुमार सिंह एवं छात्र,छात्राए उपस्थित रहे।

**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

**वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)**

**www.vbspu.ac.in**

# Rangoli and Chart Competition

## 24 Nov, 2017

## साम्प्रदायिक सदभाव के लिए हुई प्रतियोगिताएं

## रंगोली, चार्ट का कुलपति ने किया अवलोकन

पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शुक्रवार 24 नवम्बर 2017 को राष्ट्रीय सांप्रदायिक सदभाव प्रतिष्ठान गृह मंत्रालय के निर्देश पर सांप्रदायिक सदभाव के लिए प्रबंध अध्ययन संकाय भवन में विद्यार्थियों विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव ने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित रंगोली, स्लोगन, कोलाज एवं पेंटिंग का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सदैव सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखेगें ।बिना सदभाव के कोई भी देश आगे नहीं बढ़ सकता। ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। संयोजक डॉ अजय द्विवेदी ने कहां कि हमारा नैतिक दायित्व है कि हम सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने में अपना योगदान दें।राष्ट्रीय सांप्रदायिक सदभाव प्रतिष्ठान की तरफ से दिए गए स्टीकर 'सांप्रदायिक सद्भाव' को लोगों को लगाया गया।






राष्ट्रीय सांप्रदायिक सदभाव पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें आकांक्षा को प्रथम, मोजिज को द्वितीय, लक्ष्मी को तृतीय स्थान मिला। पेंटिंग प्रतियोगिता में सूरज एवं साक्षी को प्रथम, रश्मि एवं योगिता को द्वितीय, साक्षी एवं सुरभि को तृतीय स्थान मिला। स्लोगन लेखन में शिप्रा को प्रथम, दिलीप को द्वितीय, आकांक्षा को तृतीय स्थान मिला, कोलाज में शिवानी को प्रथम पुरस्कार मिला। रंगोली प्रतियोगिता में मुस्कान सक्सेना ग्रुप को प्रथम, श्रीजल साहू, प्रियंका के ग्रुप को द्वितीय, शिवम प्रिंस, शिवि ग्रुप को तृतीय स्थान मिला। नृत्य प्रतियोगिता में सृष्टि को प्रथम, शिवानी व सुरभि को द्वितीय एवं अश्वनी को तृतीय स्थान मिला। वाद- विवाद प्रतियोगिता सांप्रदायिक सद्भाव के लिए भी आयोजित की गई। विभिन्न गतिविधियों का समन्वय डॉ रसिकेश, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ पूजा सक्सेना, डॉ सुरेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ मानस पांडे, डॉ अविनाश पाथर्डीकर,डॉ मुराद अली, डॉ सुशील कुमार, डॉ राजेश, डॉ के एस तोमर समेत लोग मौजूद रहे |

## संकाय भवन में आयोजित हुई विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता

## 13-12-2017



विश्वविद्यालय के संकाय भवन के कांफ्रेंस हॉल में मंगलवार को स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा विषय पर विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के निर्देश पर विश्वविद्यालय द्वारा यह प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में डीसीएसके पीजी कॉलेज मऊ की छात्रा ऋचा पांडे को प्रथम स्थान मिला। अपने भाषण में ऋचा ने कहा कि समाज सुधार मरम्मत की तरह नहीं होना चाहिए बल्कि हनुमान की संजीवनी की संजीवनी की तरह होना चाहिए।लोकमान्य तिलक से लेकर अन्ना हजारे के अभियानों पर अपनी बात रखी।
हडिया पीजी कॉलेज इलाहाबाद की छात्रा मीनाक्षी मिश्रा का द्वितीय एवं गाजीपुर पीजी कॉलेज की छात्रा सलोनी यादव को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के व्यक्तित्व पर अपने विचार व्यक्त किए। विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा ऋचा पांडे को महान चिंतक एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के संवाहक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के सम्मान में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 29 दिसंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉक्टर अजय द्विवेदी ने प्रतिभागियों को बधाई दी।निर्णायक मंडल में डॉ मनोज मिश्र, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ सुनील कुमार शामिल रहे।

## विद्यार्थियों द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को अर्पित की पुष्पांजलि

## 23-01-2018



विश्वविद्यालय के परिसर स्थित रोवर्स-रेंजर्स भवन में विद्यार्थियों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । मूर्ति पर पुष्प अर्पित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजाराम यादव ने उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का देश को आजाद कराने में जो योगदान था उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपने कुशल रणनीति क्षमता के बल पर विश्व के विभिन्न देशों में भ्रमण कर भारत के समर्थन में लोगों को खड़ा किया था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस आज के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।

जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर मनोज मिश्र ने कहा कि नेताजी का जन्मदिवस हमें देश के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरणा देता है।
उनके त्याग, समर्पण और बलिदान का यह परिणाम रहा कि अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ा। ऐसे महापुरुष के जीवन,व्यक्तित्व और कृतित्व का नित्य बोध हम सभी में होना चाहिए। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक राकेश यादव, डॉ के एस तोमर, अमलदार यादव, डॉ संजय श्रीवास्तव, भरत कुंवर , विवेक रंजन सिंह ,शील निधि सिंह, नीरज सिंह ,शिवेश मिश्र,प्रतीक पांडेय , सोहन यादव ,रीतेश सिंह , सुरेश यादव सहित लोग मौजूद रहे।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

## 26-01-2018





वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया. सरस्वती सदन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव ने ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में कुलपति प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सबको मिल कर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विश्वविद्यालय में नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत होगी। इसके साथ ही जौनपुर के मक्के से बने प्रोडक्ट को विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाएगा। इससे जनपद के किसानों को बड़े पैमाने पर लाभ मिलेगा। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति डॉ प्रेमचंद्र पतंजलि ने कहा कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। विश्व के बदलते परिवेश में हमने और भी मजबूती पाई है। विश्वविद्यालय को नए लक्ष्य निर्धारित करने होंगे और उसको पूरा करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा। इस अवसर पर कुलसचिव संजीव सिंह ने स्वागत एवं वित्त अधिकारी एम के सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

## संत रविदास थे सामाजिक समरसता के अग्रदूत

## 30-01-2018







विश्वविद्यालय में मंगलवार को संत रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर गोष्ठी का आयोजन विद्यार्थियों द्वारा किया गया। जिसमें वक्ताओं ने संत रविदास को सामाजिक समरसता का अग्रदूत बताया। जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने कहा कि संत रविदास ज्ञानाश्रयी शाखा के कर्मवादी संत थे। उन्होंने जाति न पूछो साधु की के अवधारणा पर अपने को समर्पित कर दिया। उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं समाज में पनप रहे कुरीतियों को समाप्त करने का हर स्तर पर प्रयास किया था।
इसी क्रम में डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि संत रविदास अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को संदेश देते थे उनके विचारों से प्रभावित होकर हर वर्ग के लोग उनके भक्त थे। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता को बनाए रखने के लिए प्रभु कभी राम, श्याम और कभी रविदास बनकर धरती पर जन्म लेते हैं।

इसी क्रम में डॉक्टर सुनील कुमार ने कहा कि संत रविदास अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज को संदेश देते थे उनके विचारों से प्रभावित होकर हर वर्ग के लोग उनके भक्त थे। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता को बनाए रखने के लिए प्रभु कभी राम, श्याम और कभी रविदास बनकर धरती पर जन्म लेते हैं। डॉ एस पी तिवारी ने संत रविदास के कई संस्मरणों को सुनाया और कहा कि ऐसे महात्मा के आदर्शों से हमें सीख लेने की जरूरत है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि काशी में जन्मे संत रविदास के भक्त पूरे देश में फैले हुए हैं। आज के समय में संत रविदास के आदर्शों को आत्मसात कर हम समाज को एक सूत्र में रख सकते हैं।कार्यक्रम के संयोजक जनसंचार विभाग के प्राध्यापक डॉ दिग्विजय सिंह राठौर ने आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ अमरेंद्र सिंह, शुभांशु यादव, प्रभाकर,आशुतोष सिंह, संजय श्रीवास्तव समेत विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय में संत रविदास जयंती के अवसर पर शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। विज्ञान संकाय परिसर के बाहर आयोजित कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने कहा कि समाज के हर जाति धर्म के लोग एक साथ मिलकर साथ चलेंगे तो निश्चित तौर पर हमारा देश विश्व में सबसे आगे होगा। बायो टेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफेसर राजेश शर्मा ने कहा कि संत रविदास मैं सामाजिक बुराइयों और कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। जूते बनाने के अपने पैतृक व्यवसाय को कभी उन्होंने हेय दृष्टि से नहीं देखा बल्कि पूरे समर्पण के साथ कार्य करते रहे। आज हमें संत रविदास से सीख लेने की जरूरत है कि हम जो भी कार्य करें उसे पूर्ण मनोयोग के साथ करें। इस अवसर पर डॉक्टर एस पी तिवारी, डॉक्टर सुनील कुमार, डॉक्टर ऋषि श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह समेत विज्ञान संकाय की छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

## 28-02-2018




पूर्वाचल विश्वविद्यालय जौनपुर के इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 26 और 27 फरवरी को मनाया जाएगा। इस अवसर पर देश के जाने-माने वैज्ञानिक और शिक्षाविद् व्याख्यान देंगे। इसमें कलकत्ता विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एल.एन. हाजरा, पुणे विश्वविद्यालय के प्रोफेसर विलास राव तभाने ,ओएनजीसी देहरादून के पूर्व महानिदेशक डा. पी. के. मिश्रा भाग लेंगे। यह कार्यक्रम इंजीनियरिंग में चल रही योजना टेकिप फेज -3 (टेक्निकल एजुकेशन क्वालिटी इंप्रूवमेंट प्रोग्राम) के तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं कुलपति प्रोफेसर डा. राजाराम यादव और संरक्षक प्रो. बी.बी. तिवारी है।

इस संबंध में इंजीनियरिग संस्थान में गुरुवार को कार्यक्रम के चेयरमैन प्रोफेसर ए.के. श्रीवास्तव संयोजक डा. संतोष कुमार और सहसंयोजक डा. राजकुमार ने संयुक्त रूप से कोआर्डिनेटरों के साथ बैठक की। बैठक में तय किया गया कि देश के दो दर्जन से अधिक विज्ञान और इंजीनियरिंग संस्थान के लोग विविध प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर साइंस क्विज, पोस्टर प्रतियोगिता, वैज्ञानिक माडल प्रदर्शनी, वैज्ञानिक थीम पर आधारित रंगोली और एक्सटैम्पोर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस में वैज्ञानिक सोच विकसित करना, विज्ञान के विषय में जागरूकता पैदा करना वैज्ञानिक उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराना इत्यादि है। इस अवसर पर प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान बाहरी शिक्षकों और विद्यार्थियों आवासीय सुविधा दी जाएगी। व्याख्यानमाला में शामिल होने वाले विद्यार्थियों का पंजीकरण डा. संजीव गंगवार करेंगे। भोजन और अन्य मामलों की निगरानी और व्यवस्था डा. रजनीश भास्कर करेंगे।

**आमजन को मिले विज्ञान के प्रयोग का लाभः प्रो. हाजरा**






विश्वविद्यालय के विश्वेश्वैरया हाल में सोमवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह की शुरुआत हुई। उद्घाटन सत्र में वैज्ञानिक मुद्दे एवं देश का विकास विषय पर व्याखायानमाला का आयोजन हुआ। भारत सरकार के तकनीक शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन कार्यक्रम (टेकिप-3) के अन्तर्गत यह समारोह आयोजित हुआ।

उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि कलकत्ता विश्वविद्यालय के आप्टिक्स एव फोटोनिक्स के प्रो. लक्ष्मीनारायन हाजरा ने कहा कि विज्ञान में जो प्रयोग हुए हैं उसका उपयोग आमजन अपने जीवनशैली में करें। विज्ञान और तकनीक ने आधुनिक और पिछड़े वर्ग के बीच की दूरी को कम किया है। देश के नागरिकों के बीच वैज्ञानक दृष्टिकोण पैदा किए बिना इस दिवस को मनाने का कोई मतलब नहीं। उन्होंने वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन और उस समय के वातावरण की चर्चा कर कहा कि अब हम ज्यादा सम्पन्न है हमे अपने वैज्ञानिक रिसर्च में और भी तेजी लाने की जरूरत है।

विशिष्ट अतिथि ओएनजीसी के पूर्व जीएम डा. पी. के मिश्र ने रूस और जर्मनी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां के रिर्सच का लाभ आम नागरिकों को मिलता क्योंकि वह उनकी मातृभाषा में होते हैं। भारत में इसके विपरीत अंग्रेजी की प्रमुखता होती है जिससे आमजन कोई सरोकार नहीं रखता। पुण विश्वविद्यालय के प्रो. वी. ए,. तभाने ने कहा कि ज्ञान, लगन और जज्बे के बल पर छोटा से छोटा व्यक्ति भी बड़ा कार्य करने में सफल हो सकता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान के छात्रों में अवलोकन करने की अच्छी क्षमता होनी चाहिए तभी वह समाज और देश के विकास में सार्थक हो सकता है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में टेकिप के समन्वयक प्रो. बी.बी तिवारी ने कहा आधुनिक तकनीक ने विज्ञान की खोज और गति को काफी तेज कर दिया है। उन्होने सीवी रमन के लाइट इफेक्ट पर विस्तार से चर्चा की। इंजीनियरिंग के डीन प्रो. ए. के. श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम सहसयोजक डा. राजकुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डा. संतोष कुमार और धन्यवाद ज्ञापन डा. रजनीश भास्कर ने किया। इस अवसर पर सोविनियर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर प्रो. वंदना राय, डा. प्रदीप कुमार,डा. मनोज मिश्र, डा. दिग्विजय सिहं राठौर, डा. संजीव गंगवार, डा. सुनील कुमार,डा अमरेंद्र सिंह, डा. राजीव कुमार, प्रवीण सिंह, डा. अवध बिहारी सिहं डा. रुश्दा आजमी, यू.आर प्रजापति, डा. विवेक पांडेय, डा. नृपेंद्र सिंह, डा. जे.पी. लाल. प्रीति शर्मा, वर्तिका सरकारी, जया शुक्ला, शैलेश प्रजाप्रति, सत्यम उपाध्याय समेत विद्यार्थी मौजूद रहे।

**रंगोली, पोस्टर, साइंस क्विज और एक्सटेम्पोर के माध्यम बच्चों ने दिए संदेश**



जौनपुर। उमानाथ सिहं इंजीनियरिंग एवं टेक्नालाजी संस्थान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें 22 ग्रुपों ने प्रतिभाग किया, इसका विषय महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, डिजीटाइलजेशन और इवैलूएशन के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण को दर्शाया। पोस्टर मेकिंग में 25 ग्रुपों ने प्रतिभाग किया। इसका विषय क्लीन इंडिया, ग्रीन इंडिया, सालिड वेस्ट मैनेजमेंट, मिसाइल मैन, ईबेस्ट, रोबोटिक इन नेशन विल्डिंग पर पोस्टर बनाकर विज्ञान के प्रति जागरूकता को दर्शाया। एक्सटेम्पोर में नौ विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।विज्ञानं प्रश्नोत्तरी में 61 ग्रुपों ने भाग लिया।

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in


## भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में गोष्ठी आयोजित

## 14-04-2018





विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरैया सभागार में भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को विद्यार्थियों द्वारा आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहेब के समग्र व्यक्तित्व पर विचार मंथन किया।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ राजाराम यादव ने कहा कि जो समस्त में व्याप्त होता है समाज में वही पूजनीय होता है। बाबा साहेब ने समाज से कुरीतियों को हटाने का अमृत कार्य किया है। जब तक यह धरती रहेगी बाबा साहेब अमर रहेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि जब- जब समाज में कुरीतियां आएगी तब- तब मेरा अवतरण होगा। इस रूप में बाबा साहेब देवदूत थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के गुरुजन ब्राह्मण थे। गुरुदक्षिणा में बाबा साहेब ने अपने ब्राह्मण गुरु का उपनाम अपने साथ जोड़ कर गुरु शिष्य परम्परा को एक नई ऊंचाई दी है। वे अत्यंत लोकप्रिय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक भेद भाव के विरुद्ध अभियान चलाया। श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया।बाबा साहेब का मानना था कि भारत का प्राचीन ज्ञान -विज्ञान जब तक पुनःप्रस्फुटित नहीं होगा तब तक विश्व का कल्याण संभव नहीं है। आपने भारत को विखंडित नहीं होने दिया और न ही आप अंग्रेजों के झांसे में आये। देश की एकता और अखंडता को बरकरार रखने के लिए यह राष्ट्र सदैव बाबा साहेब का कृतज्ञ रहेगा।

कार्यक्रम के पूर्व भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव रामजी आंबेडकर के चित्र पर उपस्थित सभी लोगों ने माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित किया। बाबा साहेब के समग्र व्यक्तित्व को रेखांकित करते हुए प्रो. वीडी शर्मा ,प्रो. अजय द्विवेदी ,डॉ संतोष कुमार, डॉ मनोज मिश्र ,डॉ राज कुमार ,डॉ इंद्रेश गंगवार ,डॉ करुणा और विशाल चौबे ने भी गोष्ठी को सम्बोधित किया। उपस्थित सभी का स्वागत कार्यक्रम संयोजक शीलनिधि सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजय श्रीवास्तव एवं संचालन श्यामल श्रीवास्तव द्वारा किया गया । इस अवसर पर डॉ अमरेंद्र सिंह ,डॉ राजीव कुमार ,डॉ विद्युत् मल्ल ,अनिल श्रीवास्तव सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

## 05-09-2018

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न विभागों में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। भारत रत्न सर्वपल्ली राधाकृष्णन को शिक्षकों विद्यार्थियों ने नमन किया।









जनसंचार विभाग में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ परिसर में पौधरोपण किया। विभागाध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि शिक्षकों का अस्तित्व ही विद्यार्थियों से है। विभाग के शिक्षक डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ रुश्दा आज़मी, डॉ सुनील कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष प्रो अजय प्रताप सिंह ने भारत रत्न सर्वपल्ली राधाकृष्णन के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।संकाय भवन के कान्फ्रेंस हाल में बायो टेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संकाय अध्यक्ष प्रोफ़ेसर वंदना राय समेत विभाग के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। विभाग के विद्यार्थियों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान एवं फार्मेसी संस्थान में भी विद्यार्थियों ने बड़े धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया। प्रो बी बी तिवारी ने इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। फार्मेसी संस्थान में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में स्वच्छता शपथ ग्रहण कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों ने केरला बाढ़ पीड़ितों के लिए धन एकत्रित भी किया। इंजीनियरिंग संकाय के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर ए के श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक एक मोमबत्ती के समान होता है जो पूरे समाज में रोशनी फैलाने का काम करता है। इस अवसर पर डॉ राजकुमार, डॉ संतोष कुमार, डॉ अमरेंद्र सिंह, डॉ राजीव कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विनय वर्मा ने किया।

## विद्यार्थियों द्वारा आयोजित वाद- विवाद प्रतियोगिता में पूजा प्रथम, अमन द्वितीय

18-09-2018



विश्वविद्यालय के संकाय भवन स्थित कांफ्रेंस हाल में सोमवार को 'सोशल मीडिया देश के युवाओं के लिए वरदान से ज्यादा अभिशाप साबित हो रहा है' विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में हेमवंती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति एवं लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा 18 सितंबर को होने वाले अंतरविश्वविद्यालयीय वाद विवाद के लिए 02 विद्यार्थियों का चयन किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में टीडी कॉलेज की छात्रा पूजा शुक्ला ने प्रथम एवं बीटेक कंप्यूटर साइंस के छात्र अमन कुमार गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सोशल मीडिया का युवाओं के व्यवहार, विचार, मनोरंजन, सामाजिक- पारिवारिक संबंधों पर पड़ने वाले प्रभावों के विविध आयामों पर अपनी बात रखी। विद्यार्थियों द्वारा जहाँ सोशल मीडिया से दूर के लोगों से आत्मीयता और पास के लोगों से बढ़ती दूरी पर सवाल उठाएं वहीं कुछ ने सोशल मीडिया को युवाओं के लाभकारी तो कुछ ने विनाशकारी बताया।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सोशल मीडिया और युवा विषय के विभिन्न आयामों पर अपनी बात रखी। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में टीडी पीजी कॉलेज के डॉ अजय दुबे, डॉ सौरभ पाल एवं डॉ सुनील कुमार शामिल रहे। विषय प्रवर्तन जनसंचार विभाग के शिक्षक डॉ दिग्विजय सिंह राठौर ने किया। संचालन समन्वयक डॉ मनोज पांडे ने किया। इस अवसर पर डॉ जान्हवी श्रीवास्तव,अन्नू त्यागी, डॉ मुनिंदर सिंह समेत विभिन्न विभागों के विद्यार्थी गण मौजूद रहें।

## स्वामी विवेकानंद के चरित्र को आत्मसात करें विद्यार्थी - कुलपति

**11-09-2018**

विश्व धर्म सम्मेलन शिकागो में दिए संबोधन की 125वीं वर्षगांठ पर हुआ कार्यक्रम





विश्वविद्यालय परिसर में स्वामी विवेकानंद का विश्व धर्म सम्मेलन शिकागो में दिए संबोधन की 125वीं वर्षगांठ पर जनसंचार विभाग में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इसके पूर्व सरस्वती सदन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ राजाराम यादव ने अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय के विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद पर केंद्रित पुस्तक व्यक्तित्व का विकास वितरित किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद आज से 125 वर्ष पूर्व विश्वबंधुत्व की छवि को पूरे विश्व के सामने प्रस्तुत किया था। विद्यार्थियों को स्वामी जी के चरित्र को आत्मसात करना चाहिए।

संकाय अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हर युवा के लिए प्रेरणा स्रोत हैं. शिकागो संबोधन से स्वामी जी ने पूरे दुनिया के लोगों को अपना मुरीद बना लिया। आज के दौर में स्वामी जी द्वारा कही गई बातें उतनी ही प्रासंगिक है जितनी उस समय थीं.



जनसंचार विभाग के शिक्षक डॉ सुनील कुमार ने स्वामी विवेकानंद के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के संयोजक डॉ दिग्विजय सिंह राठौर ने विद्यार्थियों को स्वामी जी के शिकागो में दिए संबोधन की पढ़ कर सुनाया। विचार गोष्ठी में आदित्य, सौम्या, महेंद्र, बलराम एवं सुरेश ने भी अपने विचार व्यक्त किये। विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय परिसर में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने माल्यार्पण किया।कार्यक्रम में वित्त अधिकारी एम के सिंह, प्रो मानस पांडेय, डॉ के एस तोमर, डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, अन्नू त्यागी, डॉ मनोज पांडेय आदि मौजूद रहे।

## पीयू में दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई

## 25-09-2018




विश्वविद्यालय के संकाय भवन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मंगलवार को जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वित्त अधिकारी एम के सिंह ने पंडित उपाध्याय की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

संकाय भवन के कांफ्रेंस हॉल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के अध्यक्ष प्रोफेसर मानस पांडे ने कहा की राष्ट्र को पंडित जी ने जीव के रूप में माना था। उनका मानना था कि राष्ट्र भी शरीर, मन, आत्मा और बुद्धि से ही चलता है। इसका समन्वय ही मानव एकात्मवाद कहलाता है। देश के विकास में पूंजीवाद और साम्यवाद की अवधारणा से हटकर पंडित दीनदयाल जी का दर्शन ही उपयुक्त है वंचितों को भी मुख्यधारा से जोड़ता है। मानव संसाधन विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर ने कहा कि सतत विकास की अवधारणा ही मानव एकात्मवाद का मूल मंत्र है। गोष्ठी संचालन प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर बीडी शर्मा, डॉ मनोज मिश्र, डॉ सुरजीत यादव, , डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ सुनील कुमार, डॉ मनोज पांडे नितिन चौहान समेत विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को किया जागरूक

## 30-09-2018

महात्मा गांधी के विचारों से रूबरू हुए ग्रामीण



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आगामी 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के स्वयंसेवक सेविकाओं द्वारा रविवार को जासोपुर गांव में ग्रामीण जागरूकता अभियान चलाया गया। कुलपति प्रो डॉ राजाराम यादव के निर्देश पर इस अभियान में स्वयं सेवक सेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक और गीत के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता, सामाजिक समरसता, शांति और सद्भाव का संदेश दिया।

जागरूकता अभियान के लिए विश्वविद्यालय परिसर से विद्यार्थी रैली निकालकर जासोपुर पहुचें। जहॉ बड़ी संख्या में बच्चों और महिलाओं से संवाद किया गया। कार्यक्रम में फार्मेसी संस्थान की शिक्षिका डॉ झांसी मिश्रा ने कहा कि बच्चों की स्वच्छता में सबसे बड़ा योगदान मां का है। उन्हें हाथ धुलवा कर खाना खिलाना चाहिए। डॉक्टर झांसी मिश्रा ने गंदगी से होने वाली बीमारियों के बारे में भी बताया। गांव की महिलाओं ने भी अपनी बात रखी। डॉ संजय श्रीवास्तव ने कहा घर के साथ ही मन को भी स्वच्छ रखना चाहिए। ग्राम प्रधान राम बुजारत ने स्वयं सेवक सेविकाओं को ग्रामीण जागरूकता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ विनय कुमार वर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में डॉ आलोक दास, नीरज श्रीवास्तव, शील निधि सिंह, मोहम्मद इमरान, जगदम्बा यादव, राजन गुप्ता, सुनील, अजय, यशस्वी साहू, प्रकाश, नीरज सिंह, आशीष कुमार, सत्यम यादव, शिल्पा समेत तमाम छात्र-छात्राएँ व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पीयू में आयोजित हुई भाषण और रंगोली प्रतियोगिता

## 02-10-2018

***महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन भाषण में शिवेश और रंगोली में अभिषेक विश्वकर्मा ग्रुप प्रथम***









विश्वविद्यालय के संकाय भवन में महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में अहिंसा, एकता,देश प्रेम, स्वच्छता एवं सद्भाव विषय पर 43 प्रतिभागियों ने रंगों के माध्यम से संदेश दिया। संकाय भवन के कान्फ्रेंस हॉल में 'कैसा हो भारत अपना' विषय पर भाषण प्रतियोगिता में 25 प्रतिभागियों ने अपने विचार रखे। अपना देश विश्व गुरु कैसे बने इसके लिए विद्यार्थियों ने मौलिक विचार रखे।रंगोली प्रतियोगिता में अभिषेक विश्वकर्मा ग्रुप प्रथम, राहुल गुप्ता द्वितीय एवं मनसा विश्वकर्मा ग्रुप को तृतीय स्थान मिला। भाषण प्रतियोगिता में शिवेश प्रथम दिव्या श्रीवास्तव द्वितीय एवं हिमांशु को तृतीय स्थान मिला।अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की सृजन क्षमता प्रदर्शित हुई है। विज्ञान संकाय के प्रोफेसर राजेश शर्मा ने कहा कि इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों रंगों के माध्यम से बड़े आकर्षण तरीके से सन्देश दिया है। इन संदेशों को पढ़ कर यह लगता है कि हमारी युवा पीढ़ी सामाजिक मुद्दों को लेकर बहुत जागरूक है। निर्णायक मंडल में प्रोफेसर राजेश शर्मा, डॉक्टर अवध बिहारी सिंह, अनु त्यागी, डॉ झांसी मिश्रा शामिल रहीं। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ दिग्विजय सिंह राठौर एवं सह समन्वयक डॉक्टर सुनील कुमार रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ विनय वर्मा ने किया।

## शपथ लेकर एकता के लिए दौड़े विद्यार्थी

## 31-10-2018

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम



विश्वविद्यालय के मुक्तांगन में बुधवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गये।

परिसर के मुक्तांगन में वित्त अधिकारी एम.के.सिंह ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों कर्मचारियों और विद्यार्थियों को एकता और राष्ट्रहित में कार्य करने की शपथ दिलाई। इसके बाद एकता के लिए वीर बहादुर सिंह की प्रतिमा से एकलव्य प्रतिमा तक दौड़ का कार्यक्रम रखा गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति के नारों से विश्वविद्यालय परिसर गूंज उठा।विश्वविद्यालय के छात्र अधिष्ठाता एवं समारोह के संयोजक प्रो अजय द्विवेदी ने मुक्तांगन मेँ सरदार वल्लभ भाई पटेल की कृतियों पर प्रकाश डाला ।

विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय मे सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन चरित्र एवं कृतियां विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ , जिसमें मानसी सिंह प्रथम ,प्रतीक कुमार सिंह द्वितीय एवं जैनब को तृतीय स्थान मिला । प्रतियोगिता में डॉक्टर रूश्दा आजमी , डॉक्टर प्रवीण कुमार , डॉक्टर इंद्रेश कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभायी। समारोह में प्रोफेसर बीडी शर्मा , प्रो अशोक श्रीवास्तव प्रो. राम नारायण, डॉक्टर मनोज मिश्र, डॉ संदीप सिंह, डॉक्टर संतोष कुमार ,डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. अवध बिहारी सिंह ,डॉ. सुनील कुमार, पीके कौशिक, कपिल त्यागी , सतीश सिंह, दिवाकर शर्मा सहित लोग शामिल रहे ।

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in

## विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा मनाई गई नेता जी सुभाष चंद्र बोस जयंती

## 22-01-2019





विश्वविद्यालय परिसर के रोवर्स रेंजर्स भवन में बुधवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 122 वीं जयंती मनाई गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ राजाराम यादव ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि नेता जी का व्यक्तित्व आज के युवाओं के लिए अनुकरणीय है। उनमें नेतृत्व की अद्वितीय क्षमता थी। उन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलाने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। उनका देश के प्रति त्याग, बलिदान और समर्पण विद्यार्थियों में देश प्रेम की भावना पैदा करता है।

विश्वविद्यालय परिसर के रोवर्स रेंजर्स के कैडेटों ने देश भक्ति के नारे लगा कर नेता जी को नमन किया। कैडेटों ने भी नेता जी मूर्ति पर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर डॉ मनोज मिश्र, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, जिला संयोजक डॉ मनोज तिवारी, डॉ के एस तोमर, रेंजर लीडर डॉ झांसी मिश्रा, डॉ आलोक दास, विनय वर्मा, संजय श्रीवास्तव, भरत कुंवर, अंजनी कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## 26-01-2019





विश्वविद्यालय में 70 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सरस्वती सदन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव ने ध्वजारोहण किया। अपने संबोधन में कुलपति प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सबको मिल कर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। विश्व के बदलते परिवेश में हमने और भी मजबूती पाई है। विश्वविद्यालय को नए लक्ष्य निर्धारित करने होंगे और उसको पूरा करने के लिए सभी को योजनाबद्ध तरीके से काम करना होगा। देश को विश्वगुरु बनाने के लिए हम सभी को और विशेषकर विद्यार्थियों को तन-मन-धन से देश के उत्थान के लिए सक्रिय होना होगा। इस अवसर पर कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल ,वित्त अधिकारी एम के सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)

**www.vbspu.ac.in**

## हजारों विद्यार्थियों संग कुलपति ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

## 15-02-2019



पुलवामा में भारतीय सैनिको पर हुए आतंकी हमले से आहत वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने अमर शहीद जवानोंं की शहादत पर कैंडिल मार्च निकाल कर परिसर में श्रद्धाजंलि अर्पित किया। कैंडिल मार्च की शुरुआत सरस्वती सदन से होते हुए इंजीनियरिंग संस्थान के रास्तें एकलव्य स्टेडियम पहुंचीं। कैंडिल मार्च में विश्वविद्यालय के हजारों विद्यार्थियों के साथ कुलपति प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव,कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल,वित्त अधिकारी एमके सिंह,प्रो मानस पांडेय,प्रो अजय द्विवेदी,प्रो अशोक श्रीवास्तव,प्रो अविनाश पाथर्डिकर,डॉ मनोज मिश्र,डॉ राजकुमार सोनी, डॉ प्रमोद यादव,डॉ पुनीत धवन,डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, शील निधि सिंह, नितिन चौहान ने पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## विश्वविद्यालय में दो दिवसीय विज्ञान दिवस का हुआ आयोजन

## 28-02-2019

**विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुई प्रतियोगिताएं**





विश्वविद्यालय के उमानाथ सिंह इंजीनियरिंग संस्थान में बुधवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का शुभारंभ हुआ। पहले दिन विद्यार्थियों के लिए क्विज, रंगोली एवं मॉडल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिताएं छात्रों द्वारा आयोजित की गयी।

रंगोली प्रतियोगिता में 75 विद्यार्थियों ने अपने सृजन क्षमता प्रदर्शित की। उन्होंने साइबरक्राइम, मिराज, सीवी रमन, ग्लोबल वार्मिंग, सेव वाटर, तकनीकी प्रयोग आदि विषय पर रंगो से संदेश दिया। विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित हुई प्रतियोगिता में 117 विद्यार्थी शामिल हुए। साइंस एवं टेक्नोलॉजी विषय पर यह प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसके साथ ही फार्मेसी एवं इंजीनियरिंग संस्थान के विद्यार्थियों ने सोलर एनर्जी, बीपी मशीन, स्मार्ट सिटी, वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट, हाइड्रॉलिक लिफ्ट आदि विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए।

निर्णायक मंडल में अनु त्यागी, पूजा सक्सेना, डॉ प्रमोद कुमार यादव, डॉ कमलेश पाल, डॉ राजकुमार, डॉ रजनीश भास्कर, डॉ संतोष कुमार, डॉ प्रवीण कुमार, नितेश जायसवाल, इंद्रेश कुमार शामिल रहे। इंजीनियरिंग संकाय के अध्यक्ष प्रो ए के श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की।
प्रो बीबी तिवारी ने बताया कि 28 फरवरी को विज्ञान दिवस के दूसरे दिन देश के विख्यात वैज्ञानिकों को विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया गया है जिसमें अनुसंधान एवं विज्ञान संगठन के प्रो के एन पांडे, आईआईटी के प्रो एस राम, खड़कपुर पूना विश्वविद्यालय के प्रो विलास तभाने, वैदिक गणित के विद्वान डॉ कैलाश वैदिक शामिल है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के समन्वयक रवि प्रकाश ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन डॉ शैलेश कुमार प्रजापति ने किया।

## छात्रों ने मतदान जागरूकता के लिए प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

## 26-02-2022










वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र तथा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आर्यभट्ट सभागार में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया. प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने प्रमाणपत्र देकर उत्साहवर्धन किया |

इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विद्यार्थियों को खुद मतदान करते हुए अपने आस- पास के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करे तथा शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान सशक्त लोकतंत्र की आवश्यकता है। उन्होंने मतदान के अधिकार के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विश्व के कई देशों में पुरुष तथा महिला मताधिकार के ऊपर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा मतदान की शपथ भी दिलाई गई ।

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय आजीविका मिशन के उपायुक्त ओम प्रकाश यादव ने विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित किया।







इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगोली, पोस्टर, निबंध तथा गीत के माध्यम से जागरूकता का कार्यक्रम किया। गायन प्रतियोगिता में सरिता, पोस्टर प्रतियोगिता में आशुतोष, निबंध प्रतियोगिता में हर्ष गुप्ता, रंगोली प्रतियोगिता में मोहम्मद यासिर ने क्रमश प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेन्द्र कुमार, रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव, डॉ. गिरिधर मिश्रा, डॉ. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. शशिकांत यादव, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह व अन्य शिक्षक तथा बड़ी संख्या में छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे। महिला केंद्र की प्रभारी तथा कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद् डॉ. अन्नू त्यागी ने ,किया l कार्यक्रम का संचालन सोनम झा ने किया।

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in

## भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव रामजी आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया

**14-04-2019**






**भारत की अखंडता में भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का योगदान विषयक विशेष व्याख्यान का हुआ आयोजन**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विश्वेश्वरैया सभागार में रविवार को भारत की अखंडता में भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का योगदान विषयक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। सम्बोधित करते हुए केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के कुलपति प्रोफेसर डॉ कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने कहा कि बाबा साहब को समझने के लिए उनके रास्ते पर चलना पड़ेगा। बाबा साहब अंबेडकर प्रखर राष्ट्रवादी एवं प्रख्यात अर्थशास्त्री थे। उन्होंने अपनी पीएचडी के दौरान शोध निष्कर्ष में लिखा था कि अंग्रेजों की आर्थिक नीतियां भारत को लूटने का कार्य कर रही हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने सबसे पहले यूरोपीय विद्वानों की अवधारणा को गलत ठहराया जिसमे आर्य को बाहर का एवं द्रविण को स्थानीय बताया गया था। उनका कहना था कि आर्य भारत के मूल निवासी थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने छुआछूत एवं अस्पृश्यता का सदा विरोध किया। हिंदू समाज में व्याप्त कुरीतियों का विरोध किया। उन्होंने इसलिए बौद्ध धर्म को स्वीकार किया जिससे राष्ट्रहित को कोई क्षति न पहुंचे जबकि उनके पास इस्लाम और ईसाई धर्म ग्रहण करने का समान अवसर उपलब्ध था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर गहन अन्वेषक थे . अध्ययन ने ही उनको महान बनाया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के सपनों को साकार करने के लिए विश्वविद्यालयों को और मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत की नई शिक्षा नीति में मानव संसाधन विकास मंत्रालय की जगह शिक्षा एवं संस्कृति मंत्रालय बनाया जाए। विश्वविद्यालय के भविष्यगत योजना पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में अशोक सिंघल परंपरागत विज्ञान एवं तकनीकी संस्थान की स्थापना कर हम अपने परंपरागत ज्ञान नवीन शोध के जरिए मानव कल्याण के लिए प्रस्तुत करेंगे। टेकिप की उपलब्धियों को प्रस्तुत करते हुए प्रोफेसर बीबी तिवारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। संचालन डॉ मनोज मिश्र एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ संतोष कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ प्रमोद कुमार यादव, डॉ पुनीत धवन, डॉ प्रवीण सिंह, शैलेश प्रजापति,नितेश जायसवाल, संतोष त्रिपाठी, सत्यम उपाध्याय ,अनिल मौर्य, श्याम त्रिपाठी,संतोष उपाध्याय सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## हिंदी दिवस

## 14-09-2019




विश्वविद्यालय के संकाय भवन स्थित कांफ्रेंस हाल में विद्यार्थियों द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई. गोष्ठी में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के विविध आयामों पर अपने विचार व्यक्त किये. विभागाध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने कहा कि अंतरजाल ने हिंदी को वैश्विक बना दिया है. विश्व में निरंतर हिंदी लिखने, बोलने और पढ़ने वालों की संख्या में वृद्धि सुखद है. विभाग के शिक्षक डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ सुनील कुमार, डॉ अवध बिहारी सिंह ने हिंदी की दशा और दिशा पर प्रकाश डाला. विभाग के विद्यार्थियों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति की. कार्यक्रम का सञ्चालन आदित्य भारद्वाज ने किया. इस अवसर पर विभगा के विद्यार्थी उपस्थित रहे.

## गांधी जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा आयोजित हुईं प्रतियोगिताएं

## 02-10-2019



जनसंचार विभाग में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सामाजिक सद्भाव एवं महात्मा गांधी विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शाकम्बरी नंदन एवं आराध्या श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

जनसंचार विभाग में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सामाजिक सद्भाव एवं महात्मा गांधी विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शाकम्बरी नंदन एवं आराध्या श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

इंजीनियरिंग संस्थान के विश्वेश्वरैया सभागार में यांत्रिकी विभागाध्यक्ष डॉ संदीप कुमार सिंह ने महात्मा गांधी के जीवन दर्शन पर अपना विचार व्यक्त किया इसके साथ ही भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था "समसामयिक भारत में गांधी जी के विचारों की महत्ता" रहा। सभी विभागों के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रो बी बी तिवारी, प्रो अशोक श्रीवास्तव, प्रो बीडी शर्मा, दीप प्रकाश सिंह, हिमांशु तिवारी , अंकुश गौरव, शशांक दुबे, सुबोध कुमार, नवीन, रेहान,सन्तोष उपाध्याय, के के मिश्रा, सी पी सिंह आदि उपस्थित रहे।

गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर फार्मेसी संस्थान में भी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में उग्रसेन यादव प्रथम, कुनाल पांडेय द्वितीय, आदित्य मिश्र तृतीय, कविता पाठ में मो इब्राहिम प्रथम, नीरज द्वितीय, दीपक यादव तृतीय, रंगोली में मानसी सिंह प्रथम, आकांक्षा दुबे द्वितीय,संतोष मौर्य तृतीय, पोस्टर प्रतियोगिता में अमित सिंह प्रथम, प्रशांत गुप्ता द्वितीय, कनक एवं शुभम तृतीय स्थान प्राप्त किये। इस प्रतोयोगिता में प्रो अजय द्विवेदी, डॉ सौरभ पाल, प्रो ए के श्रीवास्तव, राजीव कुमार, डॉ कमलेश पाल, डॉ विनय वर्मा, डॉ अमरेंद्र सिंह, डॉ धर्मेंद्र सिंह ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)

**www.vbspu.ac.in**

## पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा मनाई गई पटेल जयंती

## 31-10-2019



विश्वविद्यालय परिसर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई.इस अवसर पर मुक्तांगन में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफ़ेसर अजय दिवेदी ने विद्यार्थियों को एकता की शपथ दिलवाई। उन्होंने सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। बारडोली सत्याग्रह का जिक्र करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने किसानों के लिए संघर्ष किया और लगान वृद्धि हटाने के लिए अंग्रेजों को विवश किया। किसानों के लिए किये गए सत्याग्रह के बाद महिलाओं ने वल्लभ भाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्होंने कहा कि आज का दिन हमें सामाजिक एकता को और मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर एकत्रित होकर देश भक्ति के नारे लगाए और मुख्य द्वार से एकलव्य स्टेडियम तक एकता के लिए दौड़ लगाई।इस अवसर पर प्रो राजेश शर्मा, डॉ एस पी तिवारी, शुभांशु, प्रभाकर, ऋषि श्रीवास्तव, अबू सलेह, डॉ संजय श्रीवास्तव, पंकज पांडेय समेत विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षक मौजूद रहे.

## विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा मनायी गयी स्वामी विवेकानन्द जयंती

## 12-01-2020

### स्वामी जी के विचारों को आत्मसात करें विद्यार्थी-डॉ मनोज





वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वामी जी के व्यक्तित्व एवं विचारों पर केन्द्रित संवाद विद्यार्थियों से स्थापित किया गया।

आयोजित संवाद में बतौर मुख्य अतिथि अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने कहा कि स्वामी जी ने सबसे पहले विश्व बंधुत्व, हिन्दू धर्म की विराटता तथा भारतीय संकृति के विराट सार्वभौमिक स्वरुप से सम्पूर्ण विश्व को परिचित कराया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी के विचार विश्व में स्थाई शांति की दिशा में सार्थक प्रयास साबित हो सकते हैं। उनके विचारों को आत्मसात करने वाला कोई भी व्यक्ति कभी भी अनैतिक और राष्ट्रविरोधी कृत्य नही कर सकता। आज विद्यार्थियों को स्वामी जी विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विवेकानन्द जी का सम्पूर्ण व्यक्तित्व युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी जी के विचार को साझा करते हुए कहा कि जब तक जीना है तब तक सीखते जाना है,यही अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।

इस अवसर पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ० विनय वर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार हम सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं के लिए आधार वाक्य है। उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवकों से कहा कि स्वामी जी ने कहा था कि जो लोग तुम पर भरोसा करते हैं उन्हें कभी भी धोखा न दो। .

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ आलोक दास, डॉ सुधीर उपाध्याय, जया शुक्ला ,प्रीती शर्मा, सत्यम उपाध्याय सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे। सञ्चालन शील निधि सिंह ने एवं धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ रजनीश भास्कर द्वारा किया गया।

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in

## विश्वविद्यालय में मना गणतंत्र दिवस

## 26-01-2020





विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया. विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अन्य अधिकारियों ने परिसर स्थित महापुरुषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव ने सरस्वती सदन पर तिरंगा फहराया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि देश की आजादी तमाम बलिदानों के बाद मिली है आज युवाओं की जिम्मेदारी है कि राष्ट्रवाद के साथ इस देश के विकास में अपना योगदान दें. उन्होंने कहा कि संविधान के प्रति व्यक्ति निष्ठा के साथ काम करे यहीं वास्तविक गणतंत्र है. विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल, वित्त अधिकारी एम के सिंह, परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह, प्रोफेसर बीबी तिवारी, प्रोफेसर वंदना राय, प्रोफेसर बीडी शर्मा, डॉ मनोज मिश्रा, डॉ संतोष कुमार समेत तमाम लोग उपस्थित रहे.

## कैंसर दिवस पर विज्ञान संकाय में हुआ व्याख्यान

## 04-02-2020



वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष विज्ञान प्रोफेसर वंदना राय ने कहा कि विश्व में कैंसर कितनी तेज़ी से फैल रहा है, इससे बचने के लिए हमे स्वस्थ्य जीवनशैली को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि आपका खानपान, आसपास का प्रदूषित वातावरण, अधिक उम्र, बीमारी का पारिवारिक इतिहास और संक्रमण इसके लिए जिम्मेदार है l यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल द्वारा प्रतिवर्ष चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता हैl उन्होंने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर हम लोग इस घातक बीमारी से बच सकते है। प्रतिदिन लगभग 30 मिनट से एक घंटे व्यायाम करने, वजन संतुलित रखने और हरी पत्तेदार सब्जियों फलो और सलाद का नियमित सेवन करना चाहिए। इसके लिए हमें नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की जरूरत है। वर्तमान मे प्रदेश और देश मे इस बीमारी के प्रति लोगो मे जागरूकता के मुक़ाबले भय ज्यादा है जबकि प्रारम्भिक अवस्था मे ही जांच में जानकारी होने से इसका इलाज़ संभव है l बायोटेक्नोलोगी विभाग की ह्यूमन मोलेकुलर जेनेटिक्स लेबोरेटोरी के सदस्यो द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों और आम नागरिकों को इस बीमारी के प्रति जागरूकता कार्यक्रम किए जाते रहे है l विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी कैंसर के शीघ्र निदान के लिए एक मार्गदर्शिका भी प्रकाशित की है जिससे लोग इस बीमारी के बारे मे प्रारम्भिक अवस्था मे ही जान कर इलाज़ करा सकते है l वर्तमान मे इस बीमारी के निदान के लिए देश और प्रदेश मे सरकार द्वारा कई उच्च स्तरीय सुविधाए उपलब्ध कराई गयी है जिसके कारण इस बीमारी के रोकथाम और इलाज़ मे कामयाबी मिलेगी l इस मौके पर प्रो राजेश शर्मा, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ एस पी तिवारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे l

## बाबा साहेब का लक्ष्य स्वयं के लिए सिंहासन नहीं था: कुलपति

## 14-04-2020

### विश्वविद्यालय ने डॉ अम्बेडकर को किया नमन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति कैंप कार्यालय में मंगलवार को बाबा साहेब भीमराव डॉ अंबेडकर की जयंती सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मनाई गई।

कुलपति प्रोफेसर डॉ राजाराम यादव ने डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि डॉ अम्बेडकर बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उनके इसी बहुआयामी व्यक्तित्व के कारण न केवल भारत में बल्कि विश्व में देश का नाम ऊंचा हुआ। डॉ अम्बेडकर ने तमाम देशों के संविधान का अध्ययन कर भारत का संविधान निर्मित करने में अपना अमूल्य योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का लक्ष्य स्वयं के लिए सिंहासन अर्जित करना नहीं था वह आजीवन वंचित समाज के लिए संघर्षरत थे ।उन्होंने कहा कि आज कोरोना वायरस के कारण विश्व के सामने बहुत कठिन स्थिति पैदा हुई है। हमें ऐसी स्थिति में अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए राष्ट्र धर्म प्रदर्शित करना चाहिए।उन्होंने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात बातों पर जनता का साथ मांगा है। इस पर हम सभी को अमल करना है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने शिक्षा को समता स्वतंत्रताऔर बंधुत्व का साधन माना था। उन्होंने सभी से सामाजिक सुरक्षा के लिए आरोग्य सेतु एप डाउनलोड करने के अपील की है।इस अवसर पर प्राक्टर डॉ संतोष कुमार, विशेष कार्याधिकारी डॉ के एस तोमर मौजूद रहे।

## छात्रों द्वारा मनाया गया इंजीनियर दिवस समारोह

## 15-09-2020




वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संस्थान में आज दिनांक 15 सितंबर 2020 को इंजीनियर दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वि वि के वरिष्ठतम प्रो ० बी० बी० तिवारी, संकाय अध्यक्ष प्रोफ़ेसर अशोक कुमार श्रीवास्तव, डॉ रजनीश भास्कर, डॉ संतोष कुमार एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर अजय द्विवेदी एवं डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह सहित समस्त शिक्षक, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा एम० विश्वेश्वरैया जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, छात्र-छात्राओं को देश सेवा में समर्पित एम० विश्वेश्वरैया जी के जीवन से सीख लेने को प्रेरित किया |

## सरदार पटेल समाज के लिए प्रेरणास्रोत: कुलाधिपति

## 31-10-2020

### राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में ऑनलाइन सरदार पटेल की मूर्ति का किया अनावरण





जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में लौह पुरुष भारतरत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रदेश की राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में ऑनलाइन सरदार पटेल की मूर्ति का अनावरण किया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश की राज्यपाल एवं माननीय कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सरदार पटेल का व्यक्तित्व और कृतित्व न केवल विद्यार्थियों के लिए अपितु समस्त युवा पीढ़ी, प्रबुद्धजन एवं राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति श्रद्धा रखने वाले समस्त भारतवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि आज के दिन विश्वविद्यालय में सरदार पटेल की प्नतिमा का अनावरण वास्तव में देश और प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक जो हम अखंड भारत देख रहे हैं वह सरदार पटेल की ही देन है, इसलिए हम उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हैं। उनके व्यक्तित्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ही गुजरात में 182 मीटर ऊंची उनकी प्रतिमा स्थापित की गई जो कि दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। सरदार पटेल ने किसानों के कर माफी के लिए आंदोलन चलाया था उन्हीं की प्रेरणा से देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की आर्थिक स्थिति ठीक करने के लिए और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए संसद में बिल लाए।

उन्होंने नई शिक्षा नीति- 2020 पर चर्चा करते हुए कहा कि यह शिक्षा नीति भारत को नई दिशा देने के साथ-साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी साबित होगी। उन्होंने आचार्य नरेन्द्र देव और वाल्मीकि जयंती और इंदिरागांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें भी नमन किया। प्रतिमा अनावरण समारोह में विश्वविद्यालय की कुलपति निर्मला एस. मौर्य ने कुलाधिपति जी का स्वागत करते हुए कहा कि आपके निर्देशन में उत्तर प्रदेश के संपूर्ण विश्वविद्यालय में एवं महाविद्यालयों में नूतन चेतना, नई स्फूर्ति तथा नई दृष्टि उत्पन्न हुई है, जिसने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन और सुधारों को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल दृढ़ इच्छाशक्ति नेतृत्व, कौशल और अदम्य साहस के कारण पूरे देश में याद किए जाते हैं हम सौभाग्यशाली कि हमें ऐसे महापुरुष की प्रतिमा विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित कर अपने विद्यार्थियों, शिक्षकों और समाज के सभी वर्गों को राष्ट्रीय एकता का संदेश देने का अवसर मिला।समारोह की शुरुआत राष्ट्रगीत, कुलगीत के साथ हुई। समारोह में कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। संचालन प्रो. मानस पांडेय और धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल ने किया। ऑनलाइन

कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग डॉ सुरजीत यादव की टीम ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने पौधरोपण किया। मुक्तांगन परिसर में अपराह्न शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एकता की शपथ दिलाई गई। इस समारोह का संचालन प्रो अजय द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रोफ़ेसर अविनाश पाथर्डीकर, प्रो.एके श्रीवास्तव, प्रो.बीडी शर्मा, प्रो.अजय प्रताप सिंह,प्रो.रामनारायण, प्रो. देवराज सिंह, डॉ. संतोष कुमार, एनएसएस समन्वयक राकेश यादव, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, अजीत प्रताप सिंह, सुश्री बबिता,डॉ के एस तोमर,डॉ.दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ.सुनील कुमार, डॉ.अवध बिहारी सिंह, डॉ.चंदन सिंह समेत शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

# Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)

**www.vbspu.ac.in**

## विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

## 12-01-2021





विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह मनाया गया। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

प्रबंध अध्ययन संकाय के अध्यक्ष प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति से पूरे विश्व को परिचित कराया था। अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने वेदांत के गूढ़ रहस्यों को सरल भाषा में जन-जन तक पहुंचाया था। राजेंद्र सिंह रज्जू भैया भौतिकीय अध्ययन एवं शोध संस्थान के निदेशक प्रोफेसर देवराज सिंह ने कहा कि स्वामी जी की बातें अगर हम आत्मसात करें तो निश्चित तौर पर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

अध्यक्षीय संबोधन में विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय के मानद पुस्तकालय अध्यक्ष प्रो. मानस पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय का नाम स्वामी जी ने नाम पर रखा गया है यह निरंतर युवाओं को ऊर्जा प्रदान करता है।कार्यक्रम का संचालन डॉ विद्युत मल ने किया।इस अवसर पर विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय परिसर में स्थापित स्वामी जी की प्रतिमा पर शिक्षकों विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया।इस अवसर पर प्रो. एके श्रीवास्तव , प्रोफेसर बीडी शर्मा,प्रोफेसर राम नारायण, डॉ रसिकेश, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ सुनील कुमार, डॉ अमित वत्स, डॉ अमरेंद्र सिंह, डॉ श्याम कन्हैया,डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ अवध बिहारी सिंह, डॉ चंदन सिंह, डॉ मनोज पांडे, डॉ आलोक दास, डॉ धर्मेंद्र सिंह, डॉ दूजेन्दु उपाध्याय, डॉ इंद्रेश गंगवार समेत शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई गई वीर बहादुर सिंह की जयंती

## 18-02-2021





वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुरुवार को वीर बहादुर सिंह की जयंती छात्रों द्वारा धूमधाम से मनाई गई।इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि वीर बहादुर सिंह राजनीति में ऊंचे -ऊंचे पदों पर रहे, लेकिन उन्होंने सहजता सरलता और सादगी को अपने जीवन में अपनाया। वह गरीबों के मसीहा थे । प्रदेश की राजनीति में उन्होंने विपक्षियों का भी सम्मान किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह,प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ.के एस. तोमर, डॉ प्रमोद कुमार यादव, डॉ. श्रवण कुमार आदि उपस्थिति रहें।

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुरुवार को वीर बहादुर सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई।इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि वीर बहादुर सिंह राजनीति में ऊंचे -ऊंचे पदों पर रहे, लेकिन उन्होंने सहजता सरलता और सादगी को अपने जीवन में अपनाया। वह गरीबों के मसीहा थे । प्रदेश की राजनीति में उन्होंने विपक्षियों का भी सम्मान किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह,प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. अजय द्विवेदी, डॉ.के एस. तोमर, डॉ प्रमोद कुमार यादव, डॉ. श्रवण कुमार आदि उपस्थिति रहें।

प्रबंध अध्ययन संकाय में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय के जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्रबंध अध्ययन संकाय के पूर्व संकाय अध्यक्ष एवं आई क्यू ए सी के निदेशक प्रोफेसर मानस पांडे ने वीर बहादुर जी को एक कुशल राजनेता एवं समाज सुधारक बताया। प्रोफ़ेसर मानस ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय की स्थापना में उनके योगदान का स्मरण किया और पूरे विश्वविद्यालय परिवार की तरफ से उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।इस अवसर पर डॉ मनीष गुप्ता ने स्वर्गीय श्री वीर बहादुर सिंह के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यकाल की सराहना की। इस अवसर पर डॉ आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि उच्च शिक्षा में उनकी विशेष अभिरुचि थी और वह उत्तर प्रदेश को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट पहचान दिलाने के लिए तत्पर थे ।डॉ सिंह ने जौनपुर में उच्च शिक्षा में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के योगदान को स्वर्गीय वीर बहादुर जी को समर्पित किया। इस अवसर पर डॉ गिरधर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए वीर बहादुर सिंह को पूर्वांचल के विकास के लिए उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए कृतज्ञता ज्ञापित किया। डॉ पुनीत धवन ने कहा कि उच्च शिक्षा के मंदिर की स्थापना करके उन्होंने जौनपुर एवं आसपास के परिक्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का अभिनव प्रयास किया था ।इस अवसर पर एमबीए बिजनेस इकोनॉमिक्स के छात्र करण सिंह ने पूर्वांचल विश्वविद्यालय के शैक्षिक माहौल को छात्रों उन्मुख एवं उत्कृष्ट बताया ।करण सिंह ने बताया कि इस विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण करके छात्र अपने आपको गौरवान्वित महसूस करते हैं। बीकॉम की छात्रा सुश्री आकांक्षा ने स्वर्गीय वीर बहादुर जी को नमन किया और जौनपुर में ऐसे उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान खोले जाने पर साधुवाद दिया ।बीकॉम ऑनर्स के अतिथि प्रवक्ता राकेश कुमार उपाध्याय ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर एमबीए बिजनेस इकोनॉमिक्स एवं बीकॉम ऑनर्स के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# अपनी भाषा से है अपनी पहचान – कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य

## 14-09-2021

### विश्वविद्यालय में मनाया गया हिंदी दिवस

जौनपुर. वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय तथा भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ द्वारा हिंदी दिवस समारोह का आयोजन छात्रों द्वारा किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने कहा कि भारत की पहचान विदेशों में हिंदी से है. भारत के हर कोने में हिंदी बोली जा रही है. विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी तीसरे स्थान पर थी लेकिन अब वह दूसरे स्थान पर आ रही है. उन्होंने कहा कि आज हिंदी की वैश्विक पहचान बन चुकी है. रूस, अमेरिका, फिजी, श्रीलंका, मारिशस, केन्या सहित अनेक देशों में हिंदी की पढ़ाई हो रही है.

उन्होंने कहा कि हमें सभी भाषाओँ का सम्मान करना चाहिए लेकिन अपनी भाषा से अपनी अलग पहचान होती है. उन्होंने भारतेंदु हरिश्चंद्र की रचना, निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल- बिन निज भाषा-ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल के भाव को समझाया. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में शीघ्र ही हिंदी विभाग स्थापित होगा जिसमें अगले शैक्षणिक सत्र से हिंदी विषय की पढ़ाई शुरू होगी. उन्होंने कहा कि विभिन्न पाठ्यक्रमों की पढ़ाई हिंदी भाषा में हो इसके लिए तकनीकी शब्दावली को और मजबूत करने की जरुरत है.






इसी क्रम में वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि हिंदी का प्रकाश सम्पूर्ण देश में फैलता रहे इसके लिए सबको प्रयास करते रहना चाहिए. कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि हिंदी हमारी बुनियाद है. हिंदी हमें भावनात्मक रूप से जोड़ती है.कार्यक्रम में बीकॉम की छात्रा आकांक्षा एवं विशाल चौबे ने कविता प्रस्तुत किया. उपस्थित अतिथियों ने इस अवसर पर परिसर में पौधरोपण भी किया.

स्वागत मानद पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. मानस पाण्डेय,धन्यवाद् ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ. मनोज मिश्र ने एवं संचालन डॉ. विद्युत् मल्ल ने किया. इस अवसर पर प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, आचार्य विक्रमदेव , प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. देवराज,डॉ. मुराद अली, डॉ. जगदेव, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ. राज कुमार, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, राजीव कुमार, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, बबिता, डॉ. के एस तोमर, डॉ. अमित वत्स, अवधेश कुमार समेत परिसर के शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित रहे.

# पीयू के विद्यार्थियों ने जेल में जाकर कैदियों से की मुलाकात

## 23-11-2021

विद्यार्थियों की टीम को कुलसचिव ने किया रवाना



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में महिला अध्ययन केंद्र और मिशन शक्ति की ओर से मंगलवार को विद्यार्थियों की एक टीम डा. जाह्नवी श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला कारागार पहुंचीं।

विश्वविद्यालय परिसर में कुलसचिव महेंद्र कुमार, उपकुलसचिव विजय मौर्य और कुलपति के ओएसडी डॉ.के.एस. तोमर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला कारागार में विद्यार्थियों ने कैदियों से बातचीत की। वह कैसे और किस अपराध में जेल में बंद है? अपराध के पूर्व उनके मन में क्या भावना थी ? अब वह कैसा महसूस कर रहे हैं? विद्यार्थियों का उनसे मिलने का मकसद उनके मन में बदलाव लाना है। यह योजना विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं प्रदेश की राज्यपाल माननीय श्रीमती आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर किया जा रहा है। महिला अध्ययन केंद्र की प्रभारी डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने महिला कैदियों की काउंसलिंग की और उन्हें तनाव मुक्त होने के टिप्स दिए। जौनपुर जिला कारागार में 56 विचाराधीन कैदियों और तीन सजायाफ्ता कैदियों की काउंसलिंग की गई। जेल में खानपान और रहने की व्यवस्था का विवरण भी पूछा गया।

इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार, डॉ. एसपी तिवारी, डॉ विनय वर्मा, डॉ. पूजा सक्सेना, डॉ. झांसी मिश्रा, डॉ वनिता सिंह, डॉ. प्रियंका कुमारी, डॉ रेखा पाल, सोनम झा आदि उपस्थित थे।


**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)


**www.vbspu.ac.in**

## छात्रावासों में धूम धाम से मनाया देव दिवाली का पर्व

**18-11-2021**









Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in

## विवेकानंद जी ने भारतीय संस्कृति से पूरे विश्व को परीचित कराया: कुलपति

## 12-01-2022



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती बुधवार को युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इसके बाद कुलपति सभागार में प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के उद्बोधन का संजीव प्रसारण सभी शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारियों ने देखा।राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने भारतीय संस्कृति से पूरे विश्व को परिचित कराया था। साथ ही उन्होंने वेदांत के गुण रहस्यों को सरल भाषा में जन-जन तक पहुंचाया था। स्वामी जी हमारे प्रेरणास्रोत है उनके विचारों को हमें अपने जीवन में उतारने की जरूरत है।

इसके पश्चात एन आई सी द्वारा पुडुचेरी से 25 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के संबोधन का सजीव प्रसारण कुलपति सभागार में बुधवार को हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि श्री अरविंदो और महाकवि सुब्रमण्यम भारत की भी आज जयंती है। प्रधानमंत्री ने कहा भारत का मन युवा,भारत का जन युवा ,चिंतन से युवा ,चेतना से युवा और भारत ने आधुनिकता और परिवर्तन को अंगीगार किया है। उन्होंने सभी महापुरुषों को नमन करते हुए स्वामी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

इस उद्बोधन को कोविड-19 का पालन करते हुए सभी शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारियों ने सुना।इसके पूर्व कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य और कुलसचिव श्री महेंद्र कुमार, मानद लाइब्रेरियन प्रो.मानस पांडेय, प्रभारी विद्युत मल्ल समेत शिक्षकों ने विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में स्वामीजी की मूर्ति के समक्ष अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो देवराज सिंह, डॉ मनोज मिश्र, डॉ. राजकुमार, डॉ रसिकेश, डॉ सुशील कुमार, डॉ गिरधर मिश्र , रजनीश भाष्कर, डॉ मनोज पांडेय, डॉ राकेश यादव, डॉ सुरजीत यादव , डॉ अवध बिहारी सिंह, श्री नितेश जायसवाल , डॉक्टर विवेक पांडेय, डॉ. सुधीर कुमार उपाध्याय, सहायक कुलसचिव अमृत लाल , डॉ. के. एस. तोमर, डॉ विवेक पांडेय ,डॉ सुशील कुमार सिंह , डॉ शैलेश प्रजापति, डॉ धर्मेंद्र सिंह, डॉ.आलोक दास अवधेश , आशुतोष ,पवन , जया सिंह , प्रियंका , पंकज सिंह आदि उपस्थित थे।

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in

## पीयू में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

## 26-01-2022






वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बुधवार को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सरस्वती सदन में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों और नारी शक्ति समेत 75 से अधिक लोगों को कुलपति ने सम्मानित किया। समारोह में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश के विकास के बारे में सोचने से ही राष्ट्र की उन्नति हो सकती है।

उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके काम से होती है न की उसके पद से। हम जिस संस्था या क्षेत्र में कार्य करते हैं वहां आदर्श के साथ-साथ यथार्थ का पालन करके उस संस्था को शीर्ष पर ले जा सकते हैैं। उन्होंने मौलिक अधिकार के 11 कर्तव्यों को पढ़कर इसे हर व्यक्ति को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि संविधान की सार्थकता तभी साबित होगी जब इसे लोग अपने जीवन में ईमानदारी से उतारें। इसके पूर्व कुलपति जी ने वीर बहादुर सिंह, महात्मा गांधी एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इससे पूर्व कुलपतिजी को सुरक्षाकर्मियों ने गार्ड आफ आनर दिया। इसके बाद संगोष्ठी भवन समारोह में डॉ. बीबी तिवारी, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. रसिकेश, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह और डॉ. दीपक मौर्य ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह का संचालन राजनारायन सिंह ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, परीक्षा नियंत्रक श्री व्यास नारायण सिंह, प्रो. मानस पांडेय, प्रो.वंदना राय, प्रो .अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो.अजय प्रताप सिंह, प्रो. रामनारायण, प्रो. देवराज सिंह, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ राजकुमार, डॉ. रसिकेश, डॉ. संतोष कुमार, डॉ.मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. धीरेन्द्र चौधरी, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ.चंदन सिंह, अन्नु त्यागी, डॉ. झांसी मिश्रा, डॉ विनय वर्मा, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, बबिता सिंह, दीपक सिंह, इंजीनियर मदन कुमार चतुर्वेदी, करुणा निराला, डा. लक्ष्मी मौर्य, संतोष मौर्य, रामजी सिंह, डा. पीके सिंह कौशिक, अमलदार यादव, स्वतंत्र कुमार, रामसमुझ राम, सुबोध पांडेय, श्याम श्रीवास्तव, रजनीश सिंह, राजेश सिंह, रमेश पाल, सत्येन्द्र कुमार, ईश्वर श्रीवास्तव समेत सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, कर्मचारी एवं छात्र मौजूद थे।

Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)
www.vbspu.ac.in

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर पीयू में हुई संगोष्ठी

## 07-04-2022

डायबिटीज जागरूकता के लिए हुई पोस्टर प्रतियोगिता

**बेहतर स्वास्थ्य के लिए जीवनशैली प्रबंधन ठीक करें: डा. वीएस उपाध्याय**

शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी जरूरीः प्रो. निर्मला एस. मौर्य



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य विषयक एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें डायबिटीज और हृदय रोग से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। यह संगोष्ठी फार्मेसी विभाग और जौनपुर लायंस क्लब की ओर से आयोजित किया गया है।

मुख्य अतिथि हृदय और डायबीटिज रोग विशेषज्ञ डॉ. वी. एस. उपाध्याय ने कहा कि आज कि भागदौड़ भरी जिंदगी और बदलती जीवनशैली ने सबसे अधिक युवा पीढ़ी को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि दवा के साथ साथ हमें अपनी लाइफ स्टाइल मैनेजमेंट को ठीक करना होगा।

उन्होंने डायबिटीज और हृदय रोग से बचाव हेतु विस्तार से बताते हुए कहा कि आधी उम्र तो आराम से गुज़र जाती हैं लेकिन अगली आधी उम्र में चिकित्सक व दवाओ का सहारा लेना पड़ता है, बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है कि पहले से ही अपनी जीवन शैली प्रबंधन को बेहतर बनाये। उन्होंने कहा कि डायबिटीज से ग्रसित मरीज को ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित रखना दिल की बीमारी के लिए बहुत जरूरी है। व्यायाम करके इसे बचा जा सकता है

डायबिटीज के बढ़ने पर व्यक्ति को हार्ट संबंधी समस्याएं हो जाती हैं, ऐसा इसलिए क्योंकि डायबिटीज और हार्ट डिजीज के बीच मजबूत कनेक्शन है। दोनों बीमारी बीपी, कोलेस्ट्रॉल और और मोटापे के बढ़ने से होती हैं, इसलिए समय रहते अगर डायबिटीज को कंट्रोल नहीं किया गया, तो हार्ट डिजीज होना निश्चित है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करतीं हुई विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.निर्मला एस. मौर्य ने सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया का जिक्र करते हुए कहा कि इस ग्रह पर जो भी बीमारी पैदा हो रही है उनसे हमे बचना चाहिए, थकावट हमेशा मन में होता है इसलिए शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होना चाहिए, किसी भी बिमारी का समय से इलाज न करना सबसे बड़ी बीमारी है। उन्होंने कहा कि वेद मंत्रों में भी बीमारी के इलाज के साथ-साथ स्वस्थ्य रहने के गुण बताए गए हैं।

कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि व्यक्ति का स्वास्थ्य ही उसका सबसे बड़ा धन है। इसे संभालकर और संजों कर रखने की जरूरत है। इसकी प्रासंगिकता को देखते हुए विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग लाभांवित हो सके।

इसके पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. वी. एस. उपाध्याय, लायन्स क्लब जौनपुर के अध्यक्ष मदन गोपाल गुप्ता को अंगवस्त्रम और स्मृति चिह्न देकर प्रो. मानस पांडेय और डा. सुनील कुमार ने सम्मानित किया।

लायन्स मण्डल डायबिटीज चेयरमैन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर डायबिटीज जागरुकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई जिसमें प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

संगोष्ठी का संचालन डा सुशील कुमार ने और आभार डा धर्मेन्द्र सिंह और कार्यक्रम संयोजक विनय वर्मा ने किया।

इस अवसर पर प्रो. मानस पांडेय, प्रो. वंदना राय, प्रो. देवराज सिंह, डा. अशोक श्रीवास्तव, डा. अविनाश पाथर्डीकर, डा. प्रदीप कुमार, डा. मनोज मिश्र, डा. सुनील कुमार, डा. आशुतोष सिंह, डा. रजनीश भास्कर, डा. विवेक पांडेय, डा. प्रमोद कुमार, डा. गिरधर मिश्र, डा. मंगला प्रसाद. नीतेश जायसवाल, डा. धीरेंद्र चौधरी, डा. श्याम कन्हैया सिंह, डा. श्रवण कुमार, सचिव अशोक मौर्य, मनोज चतुर्वेदी, डा संदीप मौर्य, डा. करूणा निराला, डा. अनुराग मिश्र आदि उपस्थित थे।


# Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

# वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)

**www.vbspu.ac.in**

## पीयू में अंबेडकर जयंती पर हुए कई कार्यक्रम

## 14-04-2022




वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान के शोध व नवाचार केंद्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह मनाया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस.मौर्य की प्रेरणा से मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ रसिकेश ने डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों की वर्तमान में प्रासंगिकता विषय पर अपने विचार को रखा। डॉ रसिकेश ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने किसी जाति विशेष की बात न करके भारत को संविधान जैसी अनमोल कृति दी । उनके हर शब्द और विचार आज भी प्रासंगिक और अनुकरणीय है। वह दलितों के मसीहा नहीं सर्वसमाज को नई दिशा देने वाले महापुरुष थे।

कार्यक्रम में नीरज श्रीवास्तव ने युग परिवर्तन गीत गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। युवा छात्र नेता उद्देश्य सिंह ने सभी छात्रों व अतिथियों को बालिका सुरक्षा शपथ मिशन शक्ति फेज चार के तहत दिलाई और अपने विचार साझा किया। मिशन शक्ति की सदस्य डॉ जान्हवी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ श्रीवास्तव ने बताया गूगल मीट के माध्यम से पूर्वांचल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों को जोड़ा गया। डॉ राकेश यादव समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना ने महाविद्यालयों को कार्यक्रम से जोड़ा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो वीडी शर्मा ने डॉ अंबेडकर के विचारों पर विस्तृत चर्चा की और डॉ अंबेडकर के विचारों को युग परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण कारक बताया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के छात्रों ने भाषण में प्रतिभाग किया, जिसमें आस्था गुप्ता व नेहा गुप्ता को प्रथम पुरस्कार , गिरीश मिश्र व सचिन कुमार को द्वितीय पुरस्कार , मोनिका मौर्य को तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्जन व द्वीप प्रज्ववलन किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन डॉ विनीता सिंह व कार्यक्रम का संचालन डॉ विनय वर्मा व डॉ सोनम झा ने किया। कार्यक्रम में डॉ राजेश कुमार, उद्देश्य सिंह, राज वंश पटेल , आलोक मिश्र, सौरभ कन्नौजिया , शिवभूषण सिंह , विवेक पांडेय , आलोक मौर्य , शनि सरोज , प्रिंस त्रिपाठी , उद्देश्य सिंह , उग्रसेन यादव सहित समस्त छात्र उपस्थित रहे।

**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

**वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)**

**www.vbspu.ac.in**

# रंगों के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिया देशभक्ति का संदेश

**02-08-2022**

## कुलपति ने विद्यार्थियों की सृजनात्मकता की सराहना की

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में मंगलवार को 'आजादी के अमृत महोत्सव' के 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतिभागियों ने देशभक्ति आधारित विषय पर रंगोली एवं पोस्टरों को बनाया. विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने प्रतिभागियों के सृजनात्मकता की प्रशंसा की. पोस्टर प्रतियोगिता में 52 एवं रंगोली प्रतिभागियों में 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया.





**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

**वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ. प्र.)**

**www.vbspu.ac.in**




कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि रंगोली और पोस्टर के माध्यम से देशभक्ति की भावना को जागृत किया है. इस तरह के सन्देश लोगों के दिल और दिमाग पर अमिट छाप छोड़ते है. उन्होंने कहा कि हम सब भाग्यशाली है कि आज़ादी के अमृत महोत्सव में अपना योगदान दे रहे है. विश्वविद्यालय के विद्यार्थी आयोजित होने वाली प्रतियोगिताएं में बढ़- चढ़ कर हिस्सा लें. कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र 15 अगस्त 2022 को प्रदान किया जाएगा. प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अन्नू त्यागी, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. पूजा सक्सेना,डॉ. विवेक पाण्डेय, डॉ. विजय बहादुर मौर्य एवं सोनम झा रही. नोडल अधिकारी डॉ मनोज मिश्र ने संचालन एवं स्वागत संयोजक डॉ विनय वर्मा ने किया |

इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, कुलसचिव महेंद्र कुमार, एआर अजीत सिंह, प्रो. अजय प्रताप सिंह,डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. नृपेन्द्र सिंह, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, डॉ. दिव्येंदु मिश्र समेत शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित रहे |

## छात्रों ने पूरे उत्साह से निकली तिरंगा यात्रा

## 13-08-2022






वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आज़ादी का अमृत महोत्सव के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास से निकली। यह यात्रा आवासीय परिसर होते हुए वीर बहादुर सिंह की प्रतिमा पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं। इस अवसर पर प्रो रजनीश भास्कर चीफ वार्डन, डॉ पूजा सक्सेना, डॉ झाँसी मिश्रा, कु जया शुक्ला उपस्थित थीं. इस अवसर पर छात्रों ने छात्रावा सों में विभिन्न कार्यक्रम पस्तुत किये






**वाद-विवाद प्रतियोगिता**







**चित्रकला प्रतियोगिता**

# स्वतंत्रता दिवस समारोह-2022

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में सोमवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने ध्वजारोहण किया। इस बार विश्वविद्यालय में 100 फीट के ध्वज का लोकार्पण किया गया। इसके पूर्व कुलपति ने महात्मा गांधी, वीर बहादुर सिंह, सरदार वल्लभभाई पटेल समेत अन्य महापुरुषों की मूर्तियों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।





स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के अमृत महोत्सव के अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आज इनकी वजह से हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। आजादी का अमृत महोत्सव का पूरे देश में जश्न मनाया जा रहा है ताकि देश के हर नागरिकों तक बलिदानों की गौरव गाथा पहुंचाई जा सके। उन्होंने शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थियों से कहा कि आपको जो काम मिला है उसे निष्ठापूर्वक करना ही असली देशभक्ति है। उन्होंने इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि आजादी का असली मतलब आत्मनिर्णय का अधिकार होता है। सैकड़ों साल की गुलामी के बाद हमें ये अधिकार मिला है। हमें इस जश्न को धूमधाम और सबकी सहभागिता से मनाना होगा। इसके पूर्व सरस्वती सदन से एकलव्य स्टेडियम तक प्रभातफेरी निकाली गई।



पूरा परिसर देशभक्ति के नारे से गूंज उठा। इसके बाद महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी हाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।  ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ। विश्वविद्यालय के सुरक्षा गार्डों ने कुलपति को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। समारोह का संचालन राजनारायन सिंह ने किया। इस अवसर पर आभार हर घर तिरंगा के नोडल अधिकारी डा. मनोज मिश्र ने किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक और कर्मचारियों को प्रशस्तिपत्र और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय, कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, अजीत सिंह, बबिता सिंह, दीपक सिंह चीफ प्रॉक्टर, चीफ वार्डन, समस्त संकायाध्यक्ष, समस्त विभागाध्यक्ष समेत शिक्षक, कर्मचारी और छात्र मौजूद थे।

## देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मनमोहा

**15-08-2022**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन छात्रों द्वारा किया गया . विद्यार्थियों द्वारा लोक गीत, मूक अभिनय, समूह नृत्य, एकल नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए. नाटक के माध्यम से देश भक्ति के संदेश दिए गए. कुलपति प्रो निर्मला एस मौर्य ने प्रतिगिताओं में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया.








कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई. देश के विभिन्न प्रान्तों के नृत्य पर श्रेया प्रजापति और प्रियांशु पटेल ने शानदार प्रस्तुति दी.फार्मेसी के फार्मा ईलाइट ग्रुप ने सबसे आगे होंगे हिन्दुस्तानी पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बंटोरी. मानव संसाधन विभाग के तिरंगा ग्रुप की छात्राओं द्वारा मूक अभिनय की प्रस्तुति देखकर श्रोताओं की आँख भर गई. हर्ष साहू ग्रुप द्वारा नाटक के माध्यम से सामाजिक सद्भाव का सन्देश दिया गया. गंगेश पाठक ग्रुप द्वारा शहीदों के शहादत पर नाटक प्रस्तुत किया गया. वैभव बिन्दुसार एवं निधि तिवारी ने गीत प्रस्तुत किए. गौरव मौर्य ने बासुरी से राष्ट्र गान की प्रस्तुति दी. छात्र सूर्यांश और नितीश ने स्वरचित रचना का पाठ किया.प्रबंध संकाय के प्रो. अविनाश पाथर्डीकर कर्मचारी राज नारायण सिंह, राधे श्याम सिंह, रजनीश सिंह ने गीत प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का संयोजन विनय वर्मा एवं संचालन हर घर तिरंगा के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र ने किया.

हर घर तिरंगा अभियान के तहत विश्वविद्यालय में हुई पोस्टर, रंगोली, प्रश्नोत्तरी, भाषण, काव्य पाठ एव अन्य प्रतियोगिताएं में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य, कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया. कुलपति द्वारा आज़ादी के अमृत महोत्सव के नोडल अधिकारी प्रो. अजय प्रताप सिंह, हर घर तिरंगा के नोडल अधिकारी डॉ. मनोज मिश्र, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव,डॉ. अमरेन्द्र सिंह, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. विनय वर्मा, शशिकांत यादव,डॉ दिव्येंदु मिश्र को सम्मानित किया गया.

इस अवसर पर प्रो. बी. बी. तिवारी,परीक्षा नियंत्रक वी. एन. सिंह, प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय द्विवेदी, ,प्रो.एके श्रीवास्तव,प्रो प्रदीप कुमार, डॉ. राजकुमार, डॉ. संतोष, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. रसिकेश, अनु त्यागी, डॉ. मनोज पाण्डेय, एआर अजीत प्रताप सिंह, अमृत लाल, बबिता सिंह, दीपक सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे.|


Google Developer Student Clubs
VBSPU

This was a great initiative taken by Avanish Dubey (Lead) and core team members Garima Pandey (Co-Lead/Content Lead), Abhishek Tiwari (Technical Lead), Mili Srivastava (Design Lead), Rachit Bharadwaj (Management Team), Vineet Raushan (Creative and Social media Lead), Yatndeep Dubey (Outreach Lead), students and teacher Dileep Kumar Yadav (Faculty Advisor) of computer science and engineering & Information Technology department.


GDSC (Google Developers Student Club), that bridges the gap between the theory and practice.This is the community of students who want to become developer, GDSC mainly focuses on to learn connect and grow. There are 500 colleges who are running Google Developers Student Clubs in their colleges where students are developing the solutions to real world problems with the help of technology.

## Overview of Info Session

On 22/09/2022, there was first info session of GDSC VBSPU Jaunpur. The session started with the introduction of GDSC by Co-Lead and various opportunities for the successful future of developers




**Info Session Overview**




that was continued by the Lead who introduced the team of GDSC who handles GDSC India and also talked about how student will learn connect and grow and then next he Introduces the core team member to all the students of university







**Info session of GDSC**




**Outreach Lead**




**Design Lead**




**Creative/Social Media Lead**

After that session continued by faculty advisor whomotivated students to follow the technologies like Machine Learning, Artificial Intelligence,Android Development, Web Development and many more fields to explore.



Continued by Technical Lead who gave overview of the one-year session plan of google technologies

- Android development
- Google clouds
- Flutter program
- Tensor Flow program






There was a doubt session at the end in which the core team of GDSC helped the students to get solution of their problems.

लखनऊ, शुक्रवार, 23 सितम्बर, 2022 11

## विद्यार्थियों ने सॉफ्टवेयर डिजाइनिंग के तरीके सीखे

### इंजीनियरिंग संस्थान के बच्चों ने स्टूडेंट क्लब की शुरुआत की



अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में गुरुवार के दिन प्रोग्रामिंग के क्षेत्र मे एक नई शुरुआत हुई । इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस विभाग के बच्चों और शिक्षकों द्वारा गूगल डेवलपर स्टूडेंट्स क्लब की शुरुआत की गयी । सॉफ्टवेयर डिजाइनिंग के क्षेत्र में विद्यार्थियों ने कोडिंग के माध्यम से डिजाइनिंग के नए तरीके सीखे ।इस क्लब का पहला कार्यक्रम विश्वस्वैंया हाल मे हुआ । इस अवसर पर गरिमा पांडेय ने कंम्युनिटी के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम मे पूरे एक साल में होने वाले सभी स्किल्स के बारे में अभिषेक तिवारी ने जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों से सवाल जवाब मे यत्नदीप दुबे और अवनीश दुबे ने मिलकर उत्तर दिया और कम्युनिटी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. बी बी. तिवारी और कंप्यूटर साइंस विभाग के हेड डॉ संजीव गंगवार द्वारा सॉफ्टवेयर बनाया गया । इस कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस विभाग के शिक्षक अशोक कुमार यादव, डॉ दिव्येंदु मिश्रा, दीप्ति पांडेय, रविकांत यादव, संतोष यादव, सुनील यादव ,ज्ञानेंद्र पाल और छात्र भास्कर उपाध्याय, आदित्य पांडेय, रचित भरद्वाज, विनीत रौशन, मिली श्रीवास्तव और लगभग सभी विभाग के 100 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों ने साफ्टवेयर डिजाइनिंग के नए तरीके सीखे



ब्यूरो आज का परिणाम

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय में गुरुवार के दिन प्रोग्रामिंग के क्षेत्र मे एक नई शुरुआत हुई । इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस विभाग के बच्चों और शिक्षकों द्वारा गूगल डेवलपर स्टूडेंट्स क्लब की शुरुआत की गयी । सॉफ्टवेयर डिजाइनिंग के क्षेत्र में विद्यार्थियों ने कोडिंग के माध्यम से डिजाइनिंग के नए तरीके सीखे ।इस क्लब का पहला कार्यक्रम विश्वस्वरैया हाल मे हुआ । इस अवसर पर गरिमा पांडेय ने कंम्युनिटी के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला ।कार्यक्रम मे पूरे एक साल में होने वाले सभी स्किल्स के बारे में अभिषेक तिवारी ने जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों से सवाल जवाब मे यत्नदीप दुबे और अवनीश दुबे ने मिलकर उत्तर दिया और कम्युनिटी से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. बी बी. तिवारी और कंप्यूटर साइंस विभाग के हेड डॉ संजीव गंगवार द्वारा सॉफ्टवेयर बनाया गया । इस कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस विभाग के शिक्षक अशोक कुमार यादव, डॉ दिव्येंदु मिश्रा, दीप्ति पांडेय, रविकांत यादव, संतोष यादव, सुनील यादव ,ज्ञानेंद्र पाल और छात्र भास्कर उपाध्याय, आदित्य पांडेय, रचित भरद्वाज,विनीत रौशन,मिली श्रीवास्तव और लगभग सभी विभाग के 100 विद्यार्थी उपस्थित रहे ।